54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.0°c
अधिकतम 27.7 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606

संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:58, सूर्यास्त - 6:36 | वर्ष : 54/ अंक : 245 | शनिवार, 05 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

पत्थर की प्रभु-मूर्ति भी है और पत्थर की सीढ़ी भी है। एक की पूजा करते हैं, दूसरे पर पैर रखते हैं। सार वस्तु भाव है, यही अनुभव में भगवान होकर प्रकट होता है।

विदेशी पैसे के दम पर सामाजिक एकता तोड़ना चाहती है कांग्रेस : योगी ..

किसी की हो कोई साजिश.... तो जनता जान लेती है.....

# मन्दिरों की अदभुत छटां देखकर मन्त्रमुग्ध हुए श्रद्धालु, घर-घर में बच्चे बने 'श्रीकृष्ण'

**मुजफ्फरनगर, 4 सितम्बर (बु.)।** ठीक दीपावली की तरह जन्माष्टमी का पर्व भी बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। फर्क सिर्फ इतना था कि दिवाली पर पटाखे छूटते हैं और ठाकुर जी के जन्मदिवस पर हर मंदिर श्रृंगार से सज उठता है। मंदिरों के लिए हर बार नई सज्जा करना अपने आपमें एक चुनौती होता है। मंदिर की जगमगाती लाइटों की अपने आपमें प्रतियोगिता साफ देखने को मिलती है। शहर के सभी मंदिर अपने आपमें अदभुत दिखाई पड़े, मगर कुछ मंदिर अलौकिक छटा बिखेरते नजर आते हैं, जिनमें श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर, श्री बालाजी धाम, शहर हनुमान मंदिर, श्री गोलोक धाम व नगर के सबसे प्राचीन मंदिर काली नदी रोड स्थित मां काली का मंदिर 'आत्मबोध आश्रम' व नई मण्डी माता का मंदिर व नई मण्डी में ही राधा-कृष्ण मंदिर प्रमुख हैं। आज कान्हा के जन्मदिन के अवसर पर जब भक्त गोलोक धाम पहुंचे तो ठाकुर जी के दर्शन करते ही मंत्रमुग्ध हो गए। मंदिर की साज-सज्जा अपने आपमें काबिले तारीफ थी। साथ ही साथ जुगल जोड़ी की पोशाक व श्रृंगार लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे थे। जिसने गोलोक धाम के एक बार दर्शन किए और घंटों लाइन में लगा रहा वह फिर से लाइन में लगकर दर्शन करने को मजबूर हो गया। इसी क्रम में गणपति धाम की सज्जा भी देखते ही बनती थी। बाहर आंगन में ही लटकी मटकी और बांसुरी व फूलों से बनी तोरण आकर्षण का केन्द्र बनी रही। बाबा श्याम के दर्शन करने व ठाकुर जी को झूला झुलाने के लिए लम्बी-लम्बी लाइनें रात 11:30 बजे तक साफ दिखाई दी। वहीं काली नदी स्थित आत्मबोध मंदिर में हर वर्ष की भांति मंदिर की चकाचौंध ने श्रद्धालुओं को प्रभावित किया। मां काली, ठाकुर जी के भव्य दर्शन कर श्रद्धालु तृप्त दिखे। देर रात तक अधिकांश श्रद्धालू मंदिर प्रांगण में ही मौजूद रहे, जिससे वे वहीं आरती करके वापस लौटे। रात्रि लगभग 12 बजे सभी मंदिरों में ठाकुर जी की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद का चरणामृत व धनिया-मिश्री लेकर ही कान्हा के भक्त घर वापस लौटे और घर पर विधि-विधान से अपना व्रत खोला। पूरे शहर के मंदिरों में धूमधाम के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सम्पन्न हुआ।













काली नदी स्थित काली का मंदिर




एसडी मार्किट स्थित मंदिर



शिवचौक पर भगवान शिव का मंदिर





राधा-कृष्ण का रूप धरे बच्चे।



## गोलोकधाम में अपने-अपने ठाकुर जी को दर्शन कराने के लिए पहुंचे श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर।** गांधी कॉलोनी के प्रत्येक घर से आए ठाकुर जी सिद्धपीठ गोलोकधाम में अपने-अपने ठाकुर जी को लेकर पहुंचे। अद्‌भुत श्रृंगार किये हुए घरों के ठाकुरजी आमजन के लिए आकर्षण का केन्द्र रहे। किसी के ठाकुर जी का रंग नीला तो किसी के ठाकुर जी का रंग काला तो किसी के ठाकुर जी का रंग सफेद और उस पर 16 श्रृंगार वास्तव में देखने योग्य था। सुंदर-सुंदर टोकरियों में जब अपने अपने ठाकुर जी लेकर लोग गोलोकधाम जुगल किशोर के दर्शन कराने के लिए पहुंचे तो सभी ने एक दूसरे के ठाकुर जी को शत-शत नमन किया। ठाकुर जी की खूबसूरती अपने आपमें देखते ही बनती थी। किसी की बांसुरी, किसी का मुकुट तो किसी की मटकी ने समां बांध दिया। देर रात तक सभी अपने ठाकुर जी को लेकर गोलोक धाम पर ही जमे रहे और आरती करने के बाद ही अपने ठाकुर जी को घर लाए।



कृष्णा जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य ढंग से सजा गोलोकधाम पूजा अर्चना करते समाजसेवी एवं उद्यमी व अन्य गणमान्य नागरिक।

## विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार की मौत

**भोपा, 04 सितम्बर (बु.)।** थाना भोपा क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया। नई मंडी थानाक्षेत्र के गांव मखियाली निवासी युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई और बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार की अलसुबह मार्ग पर गश्त कर रही पुलिस ने शव को पोल के पास बाइक पर पड़े देखा और मामले की सूचना परिजनों को दी। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। युवक की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। नगर के नई मंडी थानाक्षेत्र के गांव मखियाली निवासी नाई का काम करने वाला दिनेश कुमार बीते गुरुवार को अपनी बाइक पर सवार होकर भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकड़ा आ रहा था। जैसे ही वह थानाक्षेत्र की रहकड़ा पुलिया के पास पहुंचा, तो सामने से आ रहे किसी वाहन से बचने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और देव फॉर्म्स के विपरीत दिशा में खड़े के विद्युत पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक के सिर में गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया, वहीं उसकी बाइक के भी परखच्चे उड़ गए। शुक्रवार सुबह भोपा मुजफ्फरनगर मार्ग पर गश्त कर रही भोपा पुलिस ने जब युवक को बाइक समेत सड़क किनारे पड़े देखा, तो एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अस्पताल में आकर मृतक की पहचान दिनेश के रूप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की असमय मौत से पिता शेर सिंह, माता सुनीता, भाई अरुण, सागर और गौरव का रो-रोकर बुरा हाल है।



## लालूखेड़ी फ्लाईओवर पर सड़क हादसे में युवक की मौत

**▶▶ तलवा माजरा निवासी 30 वर्षीय प्रशांत की जान गई, परिवार में मातम**

**तितावी, 04 सितम्बर (बु.)।** नगर के बाबरी में थाना तितावी क्षेत्र के लालूखेड़ी फ्लाईओवर पर देर रात एक सड़क हादसे में तलवा माजरा निवासी 30 वर्षीय प्रशांत पुत्र हरपाल सिंह की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। शुक्रवार सुबह गमगीन माहौल में प्रशांत का अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के मुताबिक, प्रशांत शामली से मुजफ्फरनगर की तरफ जा रहा था। लालूखेड़ी फ्लाईओवर पर यह हादसा हुआ। परिवारवालों ने बताया कि संभवतः किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारी होगी। हालांकि, हादसे की असली वजह पुलिस जांच के बाद ही साफ हो पाएगी। सूचना मिलने पर तितावी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारवालों को सौंप दिया गया, जिसके बाद सुबह अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया कि प्रशांत के पिता का पहले ही निधन हो चुका था। प्रशांत वन विभाग में काम करता था और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी। परिवारवालों ने बताया कि वह घर का अकेला बेटा था। उसकी तीन बहनों की शादी हो चुकी है। प्रशांत की मौत से परिवार में गहरा सदमा है। ग्रामीणों ने दुखी परिवार को सांत्वना दी।



पुलिस इस हादसे की जांच कर रही है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जरूरी कार्रवाई की जा रही है।

## श्मशान घाट में शराबी युवक ने लगाई फांसी

**बुढ़ाना, 04 सितम्बर (बु.)।** जन्माष्टमी के त्यौहार पर एक दर्दनाक घटना सामने आई। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना के ही श्मशान घाट में लगभग 27 वर्षीय एक शराबी युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान नितिन उर्फ गुल्लू पुत्र ईश्वर कश्यप निवासी अलीपुर अटेरना के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नितिन अविवाहित था और शराब पीने का आदी था। वह अधिकतर समय नशे में ही रहता था, जिसके चलते परिजन और गांव के लोग भी उससे परेशान रहते थे। आज सुबह ग्रामीणों ने गांव के श्मशान घाट में उसका शव फांसी पर लटका हुआ देखा। घटना की सूचना पर गांव में तरह तरह की चचाएँ शुरू हो गई। कुछ लोगों ने इसे आत्महत्या बताया तो कुछ ने हत्या की आशंका जताई। फिलहाल मौत के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। उधर सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक नितिन कश्यप के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने वैसे पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया था मगर पुलिस ने नियमानुसार शव को पीएम के लिए भिजवा दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा। आज त्यौहार के दिन हुई इस घटना से परिजनों में खूब चीख पुकार मची हुई है।



## ड्यूटी से घर लौट रहे बाइक सवार युवक को डंपर ने मारी टक्कर, मौत

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)।** थाना नई मंडी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में ड्यूटी से बाइक पर अपने घर लौट रहे एक युवक की मौत हो गई। यह पूरा हादसा विश्वकर्मा चौक से पहले नाले के पास हुआ, जहां एक डंपर के चालक ने वाहन को तेजी और लापरवाही के साथ पीछे हटाते हुए बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भयानक टक्कर के कारण बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरा। इसके बाद उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतक के पिता की लिखित तहरीर के आधार पर थाना नई मंडी पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई अपनी तहरीर में सुभाष चन्द्र शर्मा पुत्र जोगेंद्र शर्मा निवासी शांतिनगर, मुजफ्फरनगर ने बताया कि उनका पुत्र सौरभ शर्मा पुत्र सुभाष चन्द्र शर्मा अपनी बाइक संख्या यूपी-12 बीएल-0238 से अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद घर वापस लौट रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सौरभ शर्मा टिकैत चौक की तरफ से अपने घर शांतिनगर वापस जा रहा था। इसी दौरान जब वह अपनी बाइक से सफर करते हुए विश्वकर्मा चौक से ठीक पहले नाले के पास पहुंचा, तब यह दुर्घटना घटी। तहरीर के मुताबिक, इसी दौरान आगे की ओर से वहां आया एक आईशर डंपर जिसका नंबर यूपी-12 डीटी-2939 था, उसके चालक ने अपने वाहन को बहुत तेजी और लापरवाही के साथ पीछे की तरफ हटाना शुरू किया। इसी लापरवाही के चलते डंपर की चपेट में सौरभ शर्मा की बाइक आ गई और डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जैसे ही डंपर की टक्कर लगी, सौरभ शर्मा अपनी बाइक समेत सड़क पर नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। इस भयंकर हादसे के तुरंत बाद मौके पर भारी अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के तुरंत बाद घायल हुए सौरभ शर्मा को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने अच्छी तरह जांच करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जवान बेटे की अचानक हुई मौत की हृदय-विदारक सूचना मिलने के बाद से ही परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित पिता सुभाष चन्द्र शर्मा के अनुसार, अपने पुत्र की मृत्यु के गहरे सदमे और उसके अंतिम संस्कार की तमाम प्रक्रियाओं में व्यस्त रहने के कारण वह घटना के तुरंत बाद थाने नहीं आ सके थे। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि पुत्र के अंतिम संस्कार के कार्यों में व्यस्त होने के कारण वह तुरंत शिकायत दर्ज नहीं करा पाए थे। इसके बाद वह सीधे थाने पहुंचे और डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लिखित तहरीर दी। उन्होंने पुलिस से इस सड़क हादसे के जिम्मेदार डंपर चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

पिता सुभाष चन्द्र शर्मा की दी गई इस तहरीर के आधार पर थाना नई मंडी पुलिस ने डंपर संख्या यूपी-12 डीटी-2939 के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले की गहन विवेचना शुरू कर दी है। जांच के दौरान पुलिस दुर्घटना के सभी कारणों, घटनास्थल की स्थिति और डंपर चालक की भूमिका के संबंध में पूरी जानकारी जुटा रही है। हादसे से जुड़े अन्य जरूरी साक्ष्यों की भी बारीकी से जांच की जा रही है। सड़क हादसे में सौरभ शर्मा की असमय मौत के बाद से शांतिनगर स्थित उनके परिवार में गहरा मातम पसरा हुआ है। ड्यूटी करके अपने घर लौट रहे युवक की अचानक मौत से सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं दूसरी तरफ, पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद दुर्घटना के जिम्मेदार चालक के संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई में पूरी तरह जुटी हुई है।

## तेज बारिश में जलती रही चिता, भीगते रहे ग्रामीण

**▶▶ बारिश के बीच बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार ▶▶ गांव में श्मशान घाट नहीं, खुले में अंतिम विदाई देने को मजबूर ग्रामीण**

**तितावी, 04 सितम्बर (बु.)।** नगर में तितावी थाना क्षेत्र के ढिढावली गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे तेज बारिश के बीच एक बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार किया गया। गांव में श्मशान घाट की सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को खुले में ही अंतिम संस्कार करना पड़ा। इस दौरान बारिश के चलते परिवार और अंतिम संस्कार में शामिल लोगों को काफी परेशानी हुई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में तेज बारिश के बीच ग्रामीण अंतिम संस्कार करते दिखाई दे रहे हैं। बारिश के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परिवार के लिए अंतिम विदाई का भावुक पल खराब मौसम और सुविधा के अभाव के कारण और मुश्किल हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से श्मशान घाट जैसी मूलभूत सुविधा नहीं है।



किसी की मौत होने पर अंतिम संस्कार के लिए लोगों को खुले स्थान का सहारा लेना पड़ता है। बारिश के मौसम में स्थिति और ज्यादा मुश्किल हो जाती है। तेज बारिश के बीच अंतिम संस्कार करना जोखिम भरा और परेशानी वाला होता है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और प्रशासन से गांव में जल्द श्मशान घाट बनवाने की मांग की है। उनका कहना है कि अंतिम संस्कार जैसी जरूरी सुविधा के लिए भी ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस समस्या का जल्द समाधान करेगा।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगर के विभिन्न मंदिरों के सुन्दर मनमोहक दर्शन व इस अवसर पर राधा-कृष्ण का रूप धारण किये नन्हें-मुन्ने बच्चे।



राधा स्वामी कुष्ठ आश्रम में पूजा-अर्चना करते बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व समाजसेवी भीमकंसल।



रामपुर तिराहा पर सर्वेश्वरी गौशाला में गायों की सेवा करते बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ।



# अमीगढ़ पुलिया के पास कार पेड़ से टकराई, दो युवक गंभीर घायल





**चरथावल, 04 सितम्बर (बु.)।** चरथावल-मुजफ्फरनगर मार्ग पर अमीगढ़ पुलिया के पास शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों की पहचान मुजफ्फरनगर जिले के सुजूड़ू निवासी काशीफ (पुत्र फुरकान) और जैद (पुत्र शाहनवाज) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों कार से कहीं जा रहे थे। अमीगढ़ पुलिया के पास अचानक कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे की खबर मिलते ही चरथावल कस्बा चौकी प्रभारी आयुष्मान शर्मा और कांस्टेबल राहुल गिरी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने घायलों को कार से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर भी मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और हादसे से जुड़ी जानकारी जुटाई। दुर्घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। पुलिस अब हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 160370 | चांदी- | 243700 |
| सिक्का- | 2600 | गिन्नी- | 111340 |

## आपका आज का राशिफल

**शनिवार, 05 सितम्बर, 2026**

**मेष-** आज दिन 12/34 बजे तक भाग्योन्नति, रचनात्मक कृत्यों से यश की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, शेष समय में दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, आय में न्यूनता।

**वृषभ-** आरोग्य सुख की प्राप्ति, पराक्रम से आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में अनुकूलता, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, वाहन से सुख।

**मिथुन-** कार्य व्यापार में विस्तार, राजकीय पक्ष से सहयोग, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, दाम्पत्य जीवन में सुख शांति का समय।

**कर्क-** आज दिन 12/34 बजे तक कार्यों में बाधा, बात-बात पर क्रोध, एकाग्रता का अभाव, अशांति शेष समय में अकल्पित लाभ का सुयोग, स्वयं का निर्णय लाभप्रद।

**सिंह-** आज दिन 12/34 बजे तक विविध पक्षों में अनुकूलता, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, संतान पक्ष से चिन्ता कुछ कम, शेष समय आशा के विपरीत, पारिवारिक उलझनें।

**कन्या-** अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, स्वाध्याय की ओर रुचि, अधीनस्थ सहयोगियों की गतिविधियों से प्रसन्नता।

**तुला-** सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कुछेक समस्याएं आपके पक्ष में सुलझने की ओर श्रेष्ठ, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, विवादास्पद मसला हल, मनोविनोद के अवसर।

**वृश्चिक-** आज दिन 12/34 बजे तक स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, वैचारिक अस्थिरता, धन संचय में व्यवधान भी, शेष समय सफलता में सहायक, सोचे हुए कार्य सफल।

**धनु-** आज दिन 12/34 बजे तक दिनमान अनुकूल महत्वपूर्ण योजना पर कार्यारम्भ, वैमनस्यता का समापन, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्यक्षमता में कमी की अनुभूति।

**मकर-** समझदारी से किया गया कार्य व लिया गया निर्णय लाभदायक, वैमनस्यता का समापन, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, संतान पक्ष का उत्कर्ष।

**कुम्भ-** कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, कठिनाइयों के निराकरण हेतु नवप्रयास सार्थक, धन संचय की ओर रुचि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय।

**मीन-** आज दिन 12/34 बजे तक लाभ में कमी, धन हानि की आशंका, कर्ज के अदायगी की चिन्ता, शेष समय में शारीरिक सुख में वृद्धि, सद्विचारों के उदय से शांति।

# शिक्षक दिवस पर मुजफ्फरनगर में 170 शिक्षक सम्मानित होंगे

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)।** मुजफ्फरनगर में शिक्षक दिवस पर शनिवार को खास कार्यक्रम होंगे। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग अलग-अलग जगहों पर सम्मान समारोह आयोजित करेंगे। इनमें जिले के 170 से ज्यादा शिक्षकों को उनकी अच्छी सेवाओं के लिए सम्मान मिलेगा। बेसिक शिक्षा विभाग तीन एसआरजी विनित कुमार, ऊषा चौहान और रश्मि मिश्रा के साथ 10 एआरपी को भी सम्मानित करेगा। बेसिक शिक्षा विभाग का मुख्य कार्यक्रम डीएवी पीजी कॉलेज परिसर में होगा। यहां परिषदीय स्कूलों में पढ़ाने, बच्चों का एडमिशन बढ़ाने और नए तरीके अपनाने में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 100 शिक्षक-शिक्षिकाओं को खास तौर पर सम्मानित किया जाएगा। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वहीं, माध्यमिक शिक्षा विभाग का जिला स्तरीय सम्मान समारोह एसडी



इंटर कॉलेज के सभागार में होगा। इस कार्यक्रम में जिले के अलग-अलग माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के 70 शिक्षकों को सम्मान दिया जाएगा। इन कार्यक्रमों में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शिक्षा से जुड़े कई खास लोग मौजूद रहेंगे। शिक्षकों और विभाग के कर्मचारियों में इन कार्यक्रमों को लेकर काफी उत्साह है। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी समेत कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी इन कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# पुलिस लाइन में जन्माष्टमी की धूम, बच्चों ने फैंसी ड्रेस और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन



**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)।** वामा सारथी के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वामा सारथी मुजफ्फरनगर की अध्यक्षा डॉ. नीलम राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। पुलिस परिवार के बच्चों और पुलिस मॉडर्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा सहित विभिन्न पात्रों की आकर्षक वेशभूषा में प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने नृत्य, गीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ, क्षेत्राधिकारी खतौली रूपाली राव, क्षेत्राधिकारी जानसठ ऋषिका सिंह सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षक हित में संवाद और विश्वास की पहल

## - 5 सितंबर के सम्मान समारोह के बहिष्कार का निर्णय स्थगित

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)।** जिला विद्यालय निरीक्षक से हुई सकारात्मक वार्ता और उनके आश्वासन के बाद शिक्षकों ने 5 सितंबर को होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह के बहिष्कार के निर्णय को स्थगित कर दिया है। संगठन की ओर से कहा गया कि जन्माष्टमी के अवकाश के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक ने शिक्षकों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए अपना कार्यालय खोलकर प्रकरण को गंभीरता से सुना और समस्या के समाधान की सकारात्मक पहल की। संगठन ने विश्वास जताया कि सत्यम उपाध्याय के प्रकरण में शीघ्र न्यायपूर्ण निर्णय लिया जाएगा।



संगठन ने कहा कि शिक्षक हित, सम्मान और स्वाभिमान के लिए वह सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। साथ ही संदेश दिया गया कि शिक्षक का सम्मान ही शिक्षा का सम्मान है।

# जौला में जगेगी शिक्षा की नई अलख...., डिजिटल लाइब्रेरी लगभग बनकर हुई तैयार




**बुढ़ाना, 04 सितम्बर (बु.)।** गांव जौला में युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए एक बड़ी पहल पूरी होने जा रही है। जौला सेवा संगठन की टीम ने शुक्रवार के दिन गांव जौला में लाखों रुपए की लागत से बनकर तैयार हुई डिजिटल लाइब्रेरी जौला और शहीद स्मारक स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि लाइब्रेरी का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अंतिम तैयारियों को परखने के लिए आज पूरी टीम मौके पर पहुंची थी। लाइब्रेरी की दीवारों पर शिक्षा को प्रेरित करने वाले सुंदर चित्र और संदेश बनाए गए हैं जो कि युवाओं को पढ़ाई के प्रति आकर्षित करेंगे। संगठन ने ये भी जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 14 सितंबर को रात 07 बजे डिजिटल लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। इसी के साथ शहीद स्मारक पर भी कार्यक्रम आयोजित होगा। जौला सेवा संगठन ने गांव के सभी युवाओं, बुजुर्गों, सम्मानित नागरिकों और छात्र छात्राओं से अपील की है कि इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए 14 सितंबर को शाम 07 बजे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। संगठन का कहना है कि यह लाइब्रेरी गांव के गरीब और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए वरदान साबित होगी जहां उन्हें फ्री में पढ़ने और डिजिटल माध्यम से ज्ञान अर्जित करने की सुविधा मिलेगी।

# पिलखनी में रातों रात पांच नलकूपों पर चोरी, किसानों में मचा हड़कंप

**चरथावल, 04 सितम्बर (बु.)।** थाना चरथावल क्षेत्र के गांव पिलखनी में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में पांच किसानों के नलकूपों को निशाना बनाकर समरसेबल मोटर चोरी कर लीं। सुबह नलकूपों पर पहुंचे किसानों को चोरी का पता चला। चोर मोटर के साथ स्टार्टर और केबल भी ले गए। एक साथ पांच नलकूपों पर चोरी होने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में पहले भी नलकूपों से मोटर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। किसानों का कहना है कि लगातार हो रही चोरी से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है। नलकूपों से मोटर चोरी की सूचना मिलने पर दूधली पुलिस चौकी प्रभारी विशाल राठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू कर चोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब आठ दिन पहले गांव के मंदिर से भी चोर दानपात्र चोरी कर ले गए थे। मंदिर चोरी की घटना का भी अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत के साथ नाराजगी है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जल्द घटनाओं का खुलासा कर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है।





# विद्युत लाइन से लाखों का तार चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**भोपा, 04 सितम्बर (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र की तीर्थनगरी शुक्रताल में धानिया इंटरप्राइजेज के द्वारा सोलर प्लांट के लिए 33 केवी की लाइन डालने के बाद लाखों रुपए का विद्युत तार चोरी कर ले जाने वाले चोर को भोपा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया विद्युत तार बरामद किया है। भोपा थाना क्षेत्र तीर्थनगरी शुक्रताल में धानिया इंटरप्राइजेज के द्वारा सोलर प्लांट के लिए 33 केवी की लाइन डाली गई थी। कंपनी के एसडीओ शिवम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि लाइन का निर्माण पूरा हो चुका था। बीते 23 अगस्त 2026 को जब टीम लाइन की जाँच करने मौके पर पहुंची, तो तीन खंभों पर लगी करीब 300 मीटर तार मौके से गायब थी। किसी अज्ञात चोर ने पूरी प्लानिंग से तार काटकर चोरी कर लिया था, जिसके बाद भोपा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि भोपा पुलिस के उपनिरीक्षक शुक्रताल चौकी प्रभारी विवेक चौधरी की टीम ने बिहारगढ़ रोड से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से चोरी किया गया तार बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम असगर पुत्र इकबाल निवासी गढ़ी मुझेड़ा थाना मीरापुर बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है।



# जन्माष्टमी को लेकर तहसीलदार स्नेह तिवारी नायक ने शाहपुर के मंदिरों का किया निरीक्षण



**शाहपुर, 04 सितम्बर (बु.)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और मंदिरों में साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनी रहे, इसके मद्देनजर तहसीलदार बुढ़ाना स्नेह तिवारी नायक ने नगर पंचायत शाहपुर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने मंदिर परिसरों में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए मंदिरों के आसपास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। इस दौरान यदि कहीं भी साफ-सफाई से संबंधित कोई कमी या खामी नजर आई तो तहसीलदार ने तत्काल संबंधित कर्मचारियों को निर्देश देकर व्यवस्था दुरुस्त कराई। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक पर्व के दौरान स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि जन्माष्टमी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। तहसीलदार के निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत शाहपुर के सफाई नायक राजीव मेहरा भी मौजूद रहे। उन्होंने नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था से संबंधित जानकारी तहसीलदार को दी तथा मंदिरों एवं उनके आसपास सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर विभिन्न मंदिर कमेटियों के सदस्य, स्थानीय गणमान्य लोग एवं संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा किए गए निरीक्षण और व्यवस्थाओं को लेकर मंदिर कमेटी के सदस्यों ने भी संतोष व्यक्त किया। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि जन्माष्टमी पर्व के दौरान मंदिरों में शांति एवं अनुशासन बनाए रखें तथा स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करें। प्रशासन की ओर से पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का प्रयास किया जा रहा है।

# हरिद्वार गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

## - उत्तराखंड एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर से दबोचा

**हरिद्वार/मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)।** उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने वांछित और इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। एसटीएफ की टीम ने हरिद्वार के ज्वालापुर थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त दिनेश कुमार को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ थाना ज्वालापुर, जनपद हरिद्वार में मु0अ0सं0 671/2023, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय की ओर से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके साथ ही आरोपी के खिलाफ धारा 84 इठरर के तहत भी कार्रवाई की गई थी। एसटीएफ के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ ने सक्रिय गैंग, गैंगस्टर और इनामी अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमों को निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एसटीएफ की टीम ने हरिद्वार के ज्वालापुर थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त की तलाश शुरू की। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ टीम ने लगातार पतारसी-सुरागरसी और तकनीकी सर्विलांस का सहारा लिया। पुलिस टीम को आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसके आधार पर उसकी लोकेशन उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के थाना छप्पार क्षेत्र में चिन्हित की गई। लोकेशन की जानकारी मिलने के बाद एसटीएफ टीम ने बिना देरी किए मुजफ्फरनगर के थाना छप्पार क्षेत्र में कार्रवाई की। टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित और 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के अनुसार आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी और तकनीकी निगरानी के माध्यम से उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान मिली पुख्ता जानकारी के आधार पर टीम आरोपी तक पहुंचने में सफल रही। पुलिस के अनुसार अभियुक्त दिनेश कुमार के खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके अलावा उसके खिलाफ धारा 84 बीएनएस के तहत भी कार्रवाई जारी थी। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार की ओर से 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ की इस कार्रवाई को वांछित और इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दिनेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश, निवासी 36 कुआं के पास, ग्राम जय भगवानपुर, थाना छप्पार, जनपद मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 32 वर्ष बताई गई है। अभियुक्त थाना ज्वालापुर, जनपद हरिद्वार में दर्ज मु0अ0सं0 671/2023, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित था।





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## सोनिया गांधी की आत्मकथा का प्रकाशन

सोनिया गांधी की आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव के प्रकाशन से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के प्रकाशक के तौर पर हटने के फैसले के बाद इस किताब का प्रकाशन अब हार्परकॉलिन्स इंडिया करेगा। सोनिया गांधी की यह किताब प्रकाशन से पहले ही विवादों में आ गयी। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया, किताब में कुछ संपादकीय बदलाव करना चाहता था। इसको लेखिका ने मानने से इनकार कर दिया। पेंगुइन इंडिया के बाहर होने के बाद कई भारतीय प्रकाशक इस दौड़ में शामिल थे और ऐसी खबरें थीं कि हार्परकॉलिन्स भारत में किताब के प्रकाशन को अंतिम रूप देने के करीब था। 10 नवंबर को प्रकाशित होने वाली इस किताब की घोषणा सबसे पहले अमेरिका स्थित अल्फ्रेड ए. नॉफ ने की थी। यह पेंगुइन रैंडम हाउस ही की एक ब्रांच है। अल्फ्रेड ए. नॉफ ने बताया था कि किताब की पहली प्रतियों की संख्या एक लाख होगी। सोनिया गांधी ने पहले भी कई किताबें लिखी और संपादित की हैं, लेकिन इस किताब पर काम करने वालों के मुताबिक, यह उनके जीवन का सबसे निजी और अहम ब्यौरा है। नॉफ ने इसे दुनिया की सबसे प्रमुख महिला नेताओं में से एक की दिलचस्प आत्मकथा बताया है। नॉफ की विज्ञप्ति में सोनिया गांधी के हवाले से कहा गया है, मेरे परिवार के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, लेकिन कुछ ही वृत्तांत उनकी प्रेरणाओं, उनके कामों और यहां तक कि उनकी मानवीय कमियों की सच्चाई तक पहुंच पाए हैं। मेरी कहानी पाठकों को उन सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तनों का एक अनूठा दृष्टिकोण भी प्रदान करती है, जिन्हें मैंने छह दशकों में देखा है। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने अब साफ किया है कि किताब के प्रकाशन से पीछे हटने के पीछे किसी तरह का बाहरी या सरकारी दबाव नहीं था। प्रकाशक के मुताबिक, लेखक की टीम और प्रकाशक के बीच एक खास मुद्दे पर सहमति नहीं बन सकी थी। यह किताब सोनिया गांधी के इटली में बचपन से लेकर, राजीव गांधी से उनके रिश्ते, नेहरू-गांधी परिवार में उनके आने, परिवार में हुए बड़े व्यक्तिगत दुखों और भारत के साथ उनके रिश्ते की कहानी बताती है। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया की प्रवक्ता पल्लवी नारायण ने कहा कि कंपनी इस किताब को प्रकाशित करने के लिए काफी उत्सुक थी। उन्होंने इसे कंपनी का हार्ड-वॉन एक्विजिशन बताया था।प्रकाशक के मुताबिक, लिखित सामग्री सामान्य संपादकीय प्रक्रिया से गुजरी। इस दौरान कई मुद्दों पर लेखक की टीम के साथ चर्चा हुई। कुछ बदलावों पर सोनिया गांधी की टीम सहमत हुई, जबकि कुछ मामलों में प्रकाशक ने उनकी बात स्वीकार की, लेकिन अंत में एक खास मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद लेखक की टीम ने आगे प्रकाशन नहीं करने की इच्छा जताई। अब वो खास मुद्दा क्या था क्या नहीं इस पर अभी तक किसी ने प्रकाश नहीं डाला है। पेंगुइन ने उस खास मुद्दे का खुलासा नहीं किया है। उसका कहना है कि सोनिया गांधी के साथ हुए समझौते और लेखक की गोपनीयता के कारण वह बातचीत की जानकारी साझा नहीं कर सकता। हालांकि, रिपोर्टों में दावा किया गया कि लिखित सामग्री के कुछ हिस्सों में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, आरएसएस और चीन से जुड़े मुद्दों पर संपादन को लेकर चर्चा हुई थी। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इसी आधार पर सरकारी दबाव और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठाए हैं। पेंगुइन ने इन आरोपों को साफ तौर पर खारिज किया है। कंपनी ने कहा कि फैक्ट चेक और लेखकों को संपादन से जुड़े सुझाव देना प्रकाशन प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा है। उसके अनुसार, किताब को प्रकाशित करने की इच्छा बातचीत के दौरान बनी हुई थी। 1998 में जब सोनिया गांधी भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं, तब उनके बारे में और उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के बारे में बहुत कम जानकारी थी। पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गांधी की पत्नी,इटली में जन्मीं, सोनिया गांधी ने इससे पहले कई साल तक राजनीतिक सुर्खियों से दूर रहने की कोशिश की थी। इसके बाद उन्होंने उस पार्टी की कमान संभाली, जिसका आजाद भारत के इतिहास के बड़े हिस्से पर दबदबा रहा था। एक पत्रिका ने उन्हें तब सुरक्षा घेरे में दुनिया से अलग रहने वाली एक महिला बताया था, जो विदेशी लहजे में छोटे-छोटे जवाब देती थीं। अपनी इस चुप्पी के पीछे वो पहले ही सत्ता का इस्तेमाल करना सीख रही थीं। वो अलग-अलग पक्षों की दलीलें सुनती थीं। जानकारी जुटाती थीं। इसके बाद अपना फैसला करती थीं। प्रकाशक अल्फ्रेड ए नॉफ के जरिए जारी एक बयान में सोनिया गांधी ने कहा है कि वो चाहती हैं कि यह संस्मरण मेरे दिल के उस सफर की गवाही बने, जिसमें मेरी जिन्दगी की खुशियाँ और गहरी निराशा शामिल रही हैं। किताब की शुरूआत 1965 में कैंब्रिज से होती है। उस समय 19 साल की इतालवी छात्रा, राजीव गांधी के प्यार में पड़ जाती हैं। किताब के इस हिस्से में सोनिया गांधी अपनी जिन्दगी को बड़े गर्मजोशी और बेबाकी के अंदाज में देखती हैं। उनकी जिन्दगी की शुरूआत इटली के एक छोटे शहर में उनके बचपन से होती है। इसके बाद वह अप्रत्याशित रूप से भारतीय राजनीति के केंद्र तक पहुंचीं। पाठकों को किताब में कई सवालों के जवाब मिलेंगे, जैसे आखिर वो क्या चीज थी जो सोनिया गांधी को राजनीति में खींच लाई? और 2004 में जब कांग्रेस आठ साल तक सत्ता से बाहर रहने के बाद दोबारा सत्ता में लौटी, तब पर्दे के पीछे क्या हुआ था? उन्होंने वर्षों तक राजनीतिक करियर से दूरी बनाए रखी। 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद, वह काफी हद तक सार्वजनिक जीवन से दूर रहीं, लेकिन 1990 के दशक में कांग्रेस के चुनावों में लगातार कमजोर प्रदर्शन के बाद, वो 1997 में पार्टी में शामिल हुईं और एक साल से भी कम समय में इसकी अध्यक्ष बन गईं। अपने संस्मरणों में, कांग्रेस के पूर्व नेता और विदेश मंत्री नटवर सिंह ने लिखा है कि सोनिया गांधी के बेटे राहुल गांधी अपनी मां के प्रधानमन्त्री बनने के कड़े विरोधी थे, क्योंकि उन्हें डर था कि उनका भी वही हश्र होगा, जो उनकी दादी और पिता का हुआ था। नटवर सिंह ने लिखा है कि मामला तब चरम पर पहुंच गया, जब राहुल ने कहा कि वह उन्हें रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार हैं। क्या सोनिया का संस्मरण उस असाधारण फैसले पर नई रोशनी डालेगा या पर्दे के पीछे जो कुछ हुआ था उसका एक बिल्कुल अलग विवरण प्रस्तुत करेगा? किताब से इन सब सवालों के जवाब पाठकों को मिलने की उम्मीद है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जाहिल' 'राजनीति' 'पागल' 'सेफ'

जाहिल के साथ-साथ है जाहिल की फौज भी,<br>ये राजनीति गिरते हुये जायेगी कहाँ।<br>पागल को सेफ करने को पागल निकल पड़े,<br>ये राजनीति गिरते हुये जायेगी कहाँ?

# मलूक नागर के बयान पर सपा का प्रदर्शन : पोस्टर पर जूते-चप्पल बरसाए, जलाकर जताया विरोध

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। नगर में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं के बीच बयानबाजी का विवाद शुक्रवार को सड़क पर पहुंच गया। दोपहर करीब 2 बजे सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहर के अहिल्याबाई चौक पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद मलूक नागर के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान उनके चित्र वाले पोस्टर पर जूते-चप्पल बरसाए और बाद में पोस्टर जलाकर विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के समर्थन में भी नारे लगाए।

सपा नेताओं के अनुसार, एक दिन पहले सहारनपुर के रामपुर मनिहारन में आयोजित राष्ट्रीय लोकदल की स्वाभिमान सभा में मलूक नागर ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को लेकर टिप्पणी की थी। सपा नेताओं का दावा है कि मलूक नागर ने उन्हें मंदबुद्धि का प्रदेश अध्यक्ष कहा। इस टिप्पणी के बाद सपा नेताओं





और पाल समाज के लोगों में नाराजगी सामने आई। शुक्रवार को सपा शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र पाल अपने समर्थकों के साथ अहिल्याबाई चौक पहुंचे। प्रदर्शन से पहले कार्यकर्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इसके बाद मलूक नागर के बयान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। डॉ. सत्येंद्र पाल ने कहा कि मलूक नागर की टिप्पणी निंदनीय है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन किसी नेता के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने श्यामलाल पाल के समर्थन में नारे लगाए और कहा कि उनके खिलाफ की गई टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले को लेकर सपा के अन्य नेताओं ने भी सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी है। वरिष्ठ सपा नेता राजपाल सैनी ने भी मलूक नागर की टिप्पणी को अनुचित बताते हुए नाराजगी जाहिर की।

## खतौली में तीन आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगा

खतौली, 04 सितम्बर (बु.)। खतौली में गुरुवार को पुलिस ने तीन आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, ये तीनों आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे। ये आरोपी आपस में मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे और पैसे कमाने के लिए अपराध करते थे। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का मुखिया शकील है, जो बिन्नी का बेटा और खतौली के सद्दीकनगर का रहने वाला है। उसके साथ आजम और मोहम्मद आमिश भी गिरोह के सदस्य हैं। ये दोनों शकील के बेटे हैं और खतौली के देवीदास मौहल्ला के निवासी हैं। पुलिस रिकॉर्ड के आधार पर तीनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार किया गया था। आरोपियों की आपराधिक गतिविधियों को लेकर एक गैंग चार्ट बनाया गया। सक्षम अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद, तीनों आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम-1986 की धारा 2-3 के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी मिलकर गिरोह बनाकर अपराध कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पहले से दर्ज आपराधिक मामलों को भी गैंगस्टर कार्रवाई का आधार बनाया है। खतौली पुलिस के अनुसार, गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई का मुख्य मकसद ऐसे आरोपियों की आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाना है, जो संगठित तरीके से अपराध को बढ़ावा देते हैं। पुलिस ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और इलाके में डर का माहौल खत्म करने के लिए आपराधिक तत्वों के खिलाफ आगे भी अभियान चलता रहेगा। पुलिस अधिकारियों के स्तर से इस गैंगस्टर कार्रवाई पर नजर रखी जा रही है। पुलिस का कहना है कि अपराध और अपराधियों पर काबू पाने के लिए आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## स्वरा भास्कर के जौहर पर बयान पर राजपूत संगठनों ने जताई नाराजगी

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। नगर में फिल्म अभिनेत्री स्वरा भास्कर के जौहर से जुड़ी महिलाओं पर बयान को लेकर शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे विरोध जताया गया। राजपूत समाज से जुड़े संगठनों ने अभिनेत्री की टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए इसे राजपूत और सनातनी महिलाओं के सम्मान से जुड़ा मुद्दा बताया। संगठनों ने अभिनेत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। मामला 31 अगस्त को दिल्ली में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के एक कार्यक्रम से जुड़ा बताया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान फिल्म पद्मावत के एक दृश्य के संदर्भ में स्वरा भास्कर की जौहर करने वाली महिलाओं को लेकर कथित टिप्पणी के बाद विवाद शुरू हुआ। राजपूत संगठनों ने इस टिप्पणी को लेकर आपत्ति



जताई है। राजपूत स्वाभिमान मंच के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने अभिनेत्री के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि जौहर करने वाली महिलाओं को लेकर की गई टिप्पणी सनातनी और क्षत्रिय महिलाओं की ऐतिहासिक अस्मिता और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है। कुलदीप सिंह ने कहा कि राजपूत समाज जौहर को उस समय की परिस्थितियों और महिलाओं की अस्मिता की रक्षा से जोड़कर देखता है। उन्होंने स्वरा भास्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान कुलदीप सिंह की ओर से अभिनेत्री के संबंध में हिंसा से जुड़ा एक बयान भी सामने आया। किसी व्यक्ति के खिलाफ शारीरिक हिंसा की बात करना या हिंसा के बदले इनाम की चर्चा करना गंभीर विषय है। ऐसे बयान को लेकर कानूनी और सामाजिक स्तर पर सवाल उठ सकते हैं। जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चौहान ने भी स्वरा भास्कर के कथित बयान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि जौहर करने वाली महिलाओं को लेकर इस तरह की टिप्पणी राजपूत समाज की भावनाओं को आहत करने वाली है। उन्होंने अभिनेत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

## जन्माष्टमी की भव्य धूम! बाल कृष्ण की मनमोहक झांकी ने मोहा मन, राजयोग और आध्यात्मिक ज्ञान का संदेश

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बामनहेड़ी स्थित सेवा केंद्र पर जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और भाई-बहनों ने सहभागिता कर आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग का लाभ लिया। इस अवसर पर सेवा केंद्र की इंचार्ज ब्रह्मकुमारी राजयोगिनी जयंती दीदी ने जन्माष्टमी के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन पवित्रता, दिव्यता, प्रेम, सत्यता और श्रेष्ठ कर्मों की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी केवल श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह जीवन में दिव्य गुणों को धारण करने और आत्मिक जागृति का संदेश देता है। वर्तमान समय में मनुष्य को बाहरी परिस्थितियों के साथ-साथ अपने मन को भी सकारात्मक और शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। राजयोग के अभ्यास से मन को शांत, एकाग्र और शक्तिशाली बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की सुंदर झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आध्यात्मिक गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं तथा उनके जीवन संदेश को प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम का आनंद लेते हुए आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी गईं और प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सेवा केंद्र का वातावरण आध्यात्मिकता, उमंग और आनंद से सराबोर रहा। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी सरला, शालिनी, गीता, अंजू और मंजू सहित अन्य भाई-बहन मौजूद रहे।





## ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में टीचर्स डे सेलिब्रेशन




मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का 139वां जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजादी वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हेडमिस्ट्रेस जूनियर विंग ममता चौहान व कंचन सोनी द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता ने अपने संदेश में सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी और बच्चों को कहा कि सच्ची लगन एवं जुनून के द्वारा ही एक सभ्य नागरिक बन सकते है और सफलता की सीढ़ी पर चढ़ सकते है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर ने सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी और आह्वान किया कि हम अध्यापक स्वयं का भी विश्लेषण कर आत्म चिंतन करें कि क्या आज हम समाज की अपेक्षाओं पर खरे उतर रहे हैं अथवा नहीं, क्या हम अपने विद्यार्थियों को वो दे रहे है, जिसके लिए वो हकदार है, क्या आज हम अपना रोल ठीक प्रकार से निभा रहे है। एक शिक्षक हमेशा अपने छात्र की उन्नति में अपनी उन्नति समझता है।




## जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आज विशेष सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में नृत्य एवं भजनों की सुंदर प्रस्तुतियाँ देकर विद्यालय परिसर को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्म की कथा का नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें कारागार का दृश्य तथा देवकी-वसुदेव और श्रीकृष्ण के जन्म से जुड़े प्रसंगों को प्रभावशाली ढंग से जीवंत किया गया। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण से संबंधित प्रेरक कथाओं का श्रवण किया और उनके जीवन से जुड़े रोचक प्रश्नोत्तरी में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न कक्षाओं में जन्माष्टमी से संबंधित रचनात्मक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी विवेक और धैर्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन-दर्शन से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उप-प्रधानाचार्या अंजली आनंद ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ हुआ। विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने जन्माष्टमी आयोजन को प्रभावशाली रूप प्रदान किया।







## पीआर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी पर्व

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। पीआर पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को फूलों, झालरों और गुब्बारों से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनघ सिंघल एवं प्रबंधक अशोक सिंघल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर-के किया। कक्षा-1 से 4 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी घटनाओं पर प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में नोवा हाउस प्रथम, जील हाउस द्वितीय और अपेक्स हाउस तृतीय रहा। कक्षा 5 से 12 तक आयोजित इंटर हाउस भजन गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामूहिक एवं एकल भजन प्रस्तुत किए। इसमें सेज हाउस प्रथम, जील हाउस द्वितीय और अपेक्स हाउस तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ प्रतियोगिता रही। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने मानव पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी। इस दौरान विद्यालय परिसर कृष्ण भक्ति के जयघोष से गूंज उठा। प्रधानाचार्य अनघ सिंघल ने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के उपदेशों और भगवद्गीता के निष्काम कर्मयोग को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक अशोक सिंघल ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन चेतना मल्हन और प्रियांशी ठाकुर ने किया। आयोजन में दिव्या शर्मा, प्रवीण कुमार और शंकर शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।



## छड़ियान मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, खरीदारी और झूलों का महिलाओं ने उठाया जमकर आनंद

बुढ़ाना, 04 सितम्बर (बु.)। बुढ़ाना में बाबा जाहवीर गोगाजी महाराज की आस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक छड़ियान मेला इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से गुलजार है। मेले में लगातार बढ़ रही भीड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और मेला समिति पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है।

मेला परिसर में चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जा रही है। सिविल ड्रेस में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है, ताकि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। मेले में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पूरे मेला परिसर को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया है। पुलिसकर्मी कैमरों के जरिए भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए भी व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेले में इस बार महिलाओं और परिवारों की बड़ी संख्या में मौजूदगी देखने को मिल रही है। महिलाओं ने





झूलों का जमकर आनंद उठाया, वहीं खरीदारी को लेकर भी खासा उत्साह दिखाई दिया। मेले में खाने-पीने के स्टॉल, खेल-खिलौनों की दुकानें, ज्वेलरी, चीनी के बर्तन, चश्मे, पान और अन्य सामान की दुकानें लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बच्चों के साथ पहुंचे परिवार खरीदारी के साथ मेले में मनोरंजन का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। छड़ियान मेला पिछले 28 वर्षों से बुढ़ाना में साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल कायम करता आ रहा है।

मेले की शांति और सुरक्षा व्यवस्था में बुढ़ाना पुलिस के साथ मेला समिति भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। मेले के प्रमुख कार्यक्रमों के तहत 24 सितंबर को बाबा जाहवीर गोगाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा चमन लाल पंवार के खटीकों वाले कुएं से शुरू होकर भूमिया खेड़ा होते हुए कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरेगी। 25 सितंबर को बाबा की मेढ़ी पर निशान और प्रसाद चढ़ाया जाएगा, जबकि 26 सितंबर को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आयोजकों को इन कार्यक्रमों में दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

## एम.जी. पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मना शिक्षक दिवस

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्ष एवं उल्लास से परिपूर्ण वातावरण के बीच मनाया गया। इस अवसर पर गीत-संगीत से सजे मंच पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया। उनकी जयंती पर शिक्षक समाज के सम्मान के साथ ही देश के विकास और उत्थान में उनके योगदान को याद किया गया। शिक्षक दिवस समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गीत, संगीत, कविता, भजन, नृत्य और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। शिक्षकों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को मनोरंजक और यादगार बना दिया। एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि शिक्षक दिवस पूरे उत्साह और उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका नेहा कौशिक और काजल जैन ने कविता पाठ प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। शिक्षिका अनिता बालियान और शक्ति बंसल ने सोलो सॉन्ग की प्रस्तुति देकर अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षक प्रवीण गोयल और राजीव तिरखा की ड्यूट प्रस्तुति ने कार्यक्रम में संगीत का रंग भर दिया। वहीं शिक्षिका मोनिका खेरा ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण म्यूजिकल प्रोप डांस रहा। संगीत की धुनों पर शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने विभिन्न प्रॉप्स के साथ नृत्य प्रस्तुत कर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के समापन अवसर पर प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को परिणाम की इच्छा को छोड़कर केवल एक इंसान के रूप में अपना कर्म करने के लिए प्रेरित किया। अंत में उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। संचालन शिक्षिका रितु शर्मा और दीपाली गोयल ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।



## दो भैंस चोरी के आरोपी इनाम की जमानत याचिका खारिज

चरथावल, 04 सितम्बर (बु.)। चरथावल क्षेत्र में दो भैंस चोरी के आरोपी इनाम को अदालत से राहत नहीं मिली है। फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-3 के जज रवि कुमार दिवाकर ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। चरथावल थाने में महिला चमेली ने 18 जनवरी को भैंस चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने पुलिस को बताया था कि रात करीब डेढ़ बजे उसके घर से दो भैंस चोरी हो गईं। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मंसूरपुर क्षेत्र के सिंघावली निवासी इनाम को गिरफ्तार किया था। सरकारी वकील ने जमानत का विरोध करते हुए अदालत को बताया कि आरोपी के खिलाफ कई आपराधिक केस दर्ज हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, उस पर गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, जानलेवा हमला और एनडीपीएस एक्ट समेत करीब 15 मुकदमे दर्ज हैं।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी इनाम की जमानत याचिका खारिज कर दी।

## नीव इंटरनेशनल व लिटिल मैनर में गूंजा नंद के घर आनंद भयो



मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। नीव इंटरनेशनल विद्यालय एवं लिटिल मैनर विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर दोनों विद्यालयों को गोकुल की थीम पर बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया। विद्यालय परिसर का कोना-कोना भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित नजर आया। जन्माष्टमी के अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी श्रीकृष्ण, राधा, बलराम, यशोदा मैया, नंद बाबा और वासुदेव जी सहित विभिन्न पात्रों के रूप में विद्यालय पहुंचे। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरपूर अभिनय ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्रीकृष्ण जन्म, वासुदेव जी द्वारा बाल कृष्ण को गोकुल पहुंचाना, कालिया मर्दन, कृष्ण-सुदामा की मित्रता एवं पुनर्मिलन, वृंदावन की रासलीला तथा भगवान श्रीकृष्ण का शांति प्रस्ताव लेकर जाना जैसे अनेक प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। प्रस्तुतियों के दौरान बच्चों के अभिनय एवं संवाद ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में रुद्रांश गर्ग, कुशाग्र स्वामी, तिशा मोगा, शिवांशी गोयल, आदित गर्ग, आद्विक गर्ग, दृशानी त्यागी, अधिराज शर्मा, केशव पाल, शिवाय चौहान, आरव सिंह, कविश सैनी, माहिर धींगड़ा, शौर्य कुच्छल, शुभ कुच्छल एवं कबीर मदान सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जन्माष्टमी को केवल सांस्कृतिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए नीव इंटरनेशनल विद्यालय के विद्यार्थियों को शहर स्थित अत्यंत प्राचीन भोरो मंदिर के दर्शन भी कराए गए। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, विद्यार्थियों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों से जोड़ने का उद्देश्य उन्हें अपनी गौरवशाली भारतीय परंपराओं एवं संस्कृति से परिचित कराना है। जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय की ओर से बच्चों के लिए कई रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। शिक्षिकाओं शालिनी शर्मा, वृंदा गोयल एवं रश्मि गर्ग सहित अन्य शिक्षिकाओं ने बच्चों को दूध से दही तथा दही से मक्खन बनाने की प्रक्रिया करके दिखाई। श्रीकृष्ण की माखन चोरी की बाल लीला से जोड़कर कराई गई इस गतिविधि में बच्चों ने विशेष रुचि दिखाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग ट्रस्टी अंकुर गोयल ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्याओं शिम्पी कपूर, शिल्पी बक्शी एवं प्रधानाचार्य रोहित गर्ग ने कार्यक्रम की सफलता के लिए समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सिमरन कौर, ईशा भार्गव, सोनिया यादव, अवनीत कौर, राधिका अरोड़ा, इशिका भारद्वाज, साक्षी जैन, श्वेता मेहरा, तान्या अरोड़ा, रचना धीमान सहित समस्त स्टाफ के योगदान की सराहना की।





टाउन हॉल स्थित बालाजी चौक स्थित हनुमान मंदिर







कृष्ण जन्माष्टमी पर आकर्षक ढंग से सजा हनुमान मंदिर

# आज भी चन्द्रा टाकीज पर पेश होती है सौहार्द की मिसाल

**मुजफ्फरनगर, 4 सितम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर में आज भी कहीं न कहीं सौहार्द की मिसाल कायम होती ही है। बुलेटिन टीम को आज चन्द्रा टाकीज के निकट एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। लम्बी लम्बी दाढ़ी वाले एक मुल्ला जी के चारों ओर जब भगवान कृष्ण और राधा रानी की पोशाक नजर आई तो टीम के पैर वहीं थम गए और मुल्ला जी से सवाल करने को मन किया और सचमुच सवाल करने के बाद टीम वापस लौटी। बुलेटिन टीम ने मुल्ला जी से पूछा कि जुम्मे की टोपियां बेचने के बजाय आप ये क्या भगवान कृष्ण की पोशाक बेचने का काम कर बैठे हैं, काम चलता भी है या नहीं? तो मुल्ला जी ने बताया कि मेरे यहां किसी प्रकार का कोई हिन्दू -मुस्लिम का भेदभाव नहीं है। हिन्दू भाई-बहनों ने ही मुझे कह-कहकर ये काम कराया है। महिलाएं हर कृष्ण जन्माष्टमी पर यहां आती हैं और कहती हैं कि मुल्ला जी इस बार भगवान कृष्ण की पोशाक कहां हैं? और खूब खरीदारी करके ले जाती हैं, बस उन्हीं ने मेरे अंदर भगवान कृष्ण की पोशाक बेचने का भाव ला दिया। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या आसपास के लोग हिन्दू महिलाओं को आपसे पोशाक लेने के लिए रोकते नहीं तो दुकानदार मौहम्मद शाहनवाज ने जवाब दिया कि हमारे यहां ऐसा कुछ नहीं चलता। ये तो राजनीतिक लोग ही एक-दूसरे में भेदभाव डालने का काम कर रहे हैं। शाहनवाज ने यह भी बताया कि जिस मौहल्ले में मेरी दुकान है यहां आजादी के बाद से ही हिन्दू और मुस्लिम एक साथ रह रहे हैं। बकरा मार्किट चले जाओ या कम्बल वाली गली या फिर मोती महल आदि सभी क्षेत्रों में एक दीवार हिन्दू की तो दूसरी मुसलमान की आज भी देखने को मिल जाएगी। मुल्ला जी की बात सुनकर वास्तव में लगा कि अभी भी अगर राजनीतिक लोग नफरत न फैलाएं और कुछ मुस्लिम लोग रोटियों पर थूकने और सब्जियों पर पेशाब करने जैसे घृणित काम न करें तो गंगा-जमुनी तहजीब जिंदा रखने में आम आदमी अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यह अदभुत दृश्य देखकर कि मुसलमान दुकानदार से हिन्दू अपने भगवान के वस्त्र खरीद रहा है अपने आपमें एक मिसाल कायम करने वाला है।

**लम्बी-लम्बी दाढ़ी वाले मुल्ला जी से राधा-कृष्ण की पोशाक लेने को लगी रहती है भीड़**



# रुड़की रोड कुष्ठ आश्रम व गणपति धाम में पूजा-अर्चना के साथ झुलाया ठाकुर जी का पल्ला

**मुजफ्फरनगर, 4 सितम्बर (बु.)।** हरेक वर्ष की परम्परा के अनुसार पिछले तीस वर्षों से बुलेटिन परिवार की ओर से की जा रही रुड़की रोड स्थित कुष्ठ आश्रम व गणपति धाम में पूजा-अर्चना का क्रम बादस्तूर जारी है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कुष्ठ आश्रम पर समाजसेवी भीम कंसल व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा हवन-यज्ञ कराया गया, इसके बाद कुष्ठ आश्रम के सभी श्रद्धालुओं ने जमकर ढोल की थाप पर नृत्य किया। बैंड-बाजों की धुन पर भगवान कृष्ण के भजन सुनाए गए और भगवान कृष्ण व हनुमान जी का आशीर्वाद लिया गया। हवन-यज्ञ की पूजा अर्चना पं. कमलेश तिवारी व उनके सहयोगियों ने बड़े ही सुंदर ढंग से कराई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इसी प्रकार बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा जी की परम्परा को पिछले कई वर्षों से आगे बढ़ाते हुए गणपति धाम में बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ शामिल हुए। उनके साथ समाजसेवी व उद्योगपति सतीश गोयल व मूलचंद परिवार से रीना अग्रवाल ने भी पूजा-अर्चना में भाग लिया। पूजा-अर्चना के बाद ठाकुर जी को झूले पर विराजमान किया गया और ठाकुर जी को झूला झुलाने के लिए लम्बी-लम्बी लाइनें श्री गणपति खाटूश्याम मंदिर में लग गयी। समाजसेवी भीमकंसल ने अशोक गर्ग प्रधान, बिजेन्द्र रानो, अनिल गोयल मंत्री, अमरीश सिंघल प्रचार मंत्री, विनोद राठी, विकास अग्रवाल, अंचित अग्रवाल, रजत गोयल आए अतिथियों का सत्कार किया। उनके सहयोगी रजत गोयल व अनिल तायल ने पटका पहनाकर स्वागत किया।

**पूजन में शामिल हुए उद्योगपति सतीश गोयल, समाजसेवी भीमकंसल, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, रीना अग्रवाल**

# बाबूजी के जन्मदिवस पर मिल्क केक व बुकें भेजने की परम्परा अभी भी नहीं भूले समाजसेवी भीमकंसल

**मुजफ्फरनगर, 4 सितम्बर (बु.)।** कुछ लोग जीवन में यादगार रिश्ते बनाते हैं मगर उससे भी बड़ी बात है कि वे इन रिश्तों को निभाते भी हैं। शुरू से ही बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा जी के साथ समाजसेवी भीमकंसल का आत्मीय नाता रहा है और बाबूजी को हमेशा पिता तुल्य मानकर उनका सम्मान किया। बाबूजी के जाने के बाद भी समाजसेवी भीमकंसल द्वारा जो रिश्ता बुलेटिन परिवार से निभाया गया वह वास्तव में आभार प्रकट करने योग्य है। बाबूजी के जाने के बाद भी उनके जन्मदिन जन्माष्टमी पर लगातार आज भी भीमकंसल मिल्क केक व बाबू जी के लिए बुकें भेजना नहीं भूलते। उसी परम्परा के अनुसार आज जन्माष्टमी के दिन उन्होंने अपना कर्तव्य बाबूजी के प्रति बखूबी निभाया और फिर एक बार बुलेटिन परिवार की आंखें नम कर दी, क्योंकि ऐसे रिश्ते तो सगे बेटे भी नहीं निभाते जैसा भीमकंसल द्वारा निभाया जा रहा है। बुलेटिन परिवार हृदय की गहराईयों से भीम कंसल परिवार का आभार प्रकट करता है। उनके उनके परिवार के सुखी, समृद्ध जीवन की कामना करता है।

# नहीं खत्म हुआ गुफाएं देखने का क्रेज, शहर डाकखाना स्थित हनुमान मंदिर में बर्फ पर नंगे पैर चलने का श्रद्धालुओं ने उठाया आनन्द

**मुजफ्फरनगर।** तीन साल की उम्र से शुरू हुआ बर्फ की गुफाओं को देखने का क्रेज लोगों के दिल-दिमाग से आज तक भी खत्म नहीं हुआ है। ऐसा ही कुछ नजारा शहर डाकखाना स्थित हनुमान खाटूश्याम मंदिर में गुरूवार व शुक्रवार दोनों दिन देखने को मिला। आज भी नन्हें बच्चों को तो बर्फ पर चलते हुए खुशी से झूमते हुए देखा ही, साथ ही साथ बड़े बुजुर्गों को भी बर्फ पर खूब आनन्द लेते देखा गया। गुफा के अंदर चारों ओर लगी घास व भगवान शिव का अमरनाथ का स्वरूप अदभुत दिखाई पड़ा। अमरनाथ जी की गुफा पर बैठे दो कबूतर भी आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे। लम्बी गुफा में कभी श्रद्धालुओं को घास पर पैर रखना पड़ता तो कभी बर्फ पर पैर फिसल जाता, मगर अंदर की ठंडक का एहसास वास्तव में रोमांचित कर रहा था। एक बार गुफा से निकलने के बाद जब श्रद्धालुओं की तसल्ली न हुई तो बच्चों की तरह दो-तीन बार दर्शन को जाते फिर गुफा में भगवान शंकर की जय, राधा रानी की जय और कृष्ण मुरारी की जय बोलते हुए वापस लौटे। 12 बजे तक यही क्रम शहर हनुमान मंदिर में देखा गया।

## प्रत्येक मंदिर के पास लगा मेला, बच्चों ने खाई आइसक्रीम, चटपटी चाट और अन्य स्वादिष्ट व्यंजन

**मुजफ्फरनगर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर रेहड़ी-ठेला लगाने वालों की भी शानदार दुकानदारी होती दिखाई दी। गोलोकधाम, श्री गणपति धाम मंदिर पर बच्चों का रेला और मेला दोनों दिखाई दिये। कान्हा बने बच्चे भी कहीं आइस्क्रीम तो कहीं चाऊमीन तो कहीं खिलौने खरीदते देखे गए। ऐसे में दुकानदार और बच्चे दोनों खुश दिखे। मेले में लगे झूले वालों की भी मौज आई, क्योंकि झूला देखते ही बच्चे झूला झूलने की जिद पर उतर आते हैं और मां-बाप को मजबूरन उनकी जिद पूरी करनी होती है।









# जन्माष्टमी पर सीएम योगी बोले- आक्रांता मूर्तियां तोड़ सकते हैं, मूल्य नहीं; आस्था पर प्रहार करने वाले मिट गए



**लखनऊ, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का महापर्व धूमधाम से मनाया गया। रिजर्व पुलिस लाइंस में जन्माष्टमी का पावन पर्व पूरी भव्यता के साथ मनाया गया। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित करके समारोह का शुभारंभ किया। साथ ही झांकियों को देखा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, विधायक जय देवी, विधायक नीरज बोरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि योगेश्वर कृष्ण का जन्म जेल की काल कोठरी के अंधेरे में हुआ, लेकिन उन्होंने जीवन भर समाज को प्रकाश का मार्ग दिखाया। धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए प्रभु का अवतरण हुआ। उन्होंने कहा कि कर्तव्य ही धर्म है। भ्रम, संशय में श्रीकृष्ण का संदेश गीता के माध्यम से मिला। कृष्ण का विराट व्यक्तित्व हमें कर्तव्यों के निर्वाहन का संदेश देता है। श्रीकृष्ण के लीलाभूमि ब्रजभूमि में आज भी उनकी स्मृतियां रची बसी हैं। वहां लोग अनावश्यक रूप से प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाते। ब्रजभूमि पशुपालकों के संरक्षण का संदेश देती है। पांच हजार साल से गोवर्धन पर्वत की पूजा होती है। सीएम ने कहा कि आक्रांता मूर्तियां तोड़ सकते हैं, लेकिन मूल्य नहीं। लोगों के मन में बसे श्रीराम और कृष्ण को आक्रांता छू भी नहीं पाए। जिन लोगों ने हमारी आस्था को चोटिल करने का प्रयास किया, उनका इतिहास मिट गया। कर्मक्षेत्र में आप अपने आप को पहचानें, जो श्रेष्ठ हो वह करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हमारी आस्था पर प्रहार करने वाले मिट गए। भारत अपनी अजीर्ण यात्रा को लेकर आज भी चल रहा है। सरकार नहीं, 140 करोड़ भारतीयों को मिलकर इस यात्रा को पूरा करना होगा, तभी भारत और उत्तर प्रदेश विकसित बनेगा।

# मलेशिया में नौकरी का झांसा देकर ठगी

- सत्तर हजार रुपये मासिक वेतन का लालच देकर 1.60 लाख रुपये लिए, बंधुआ मजदूर बनाया
- मुजफ्फरनगर के असीलपुर गांव के एक व्यक्ति ने उसे 70 हजार रुपये मासिक वेतन का लालच दिया

परीक्षितगढ/मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। परीक्षितगढ़ के एक युवक को मलेशिया में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगा गया और उससे बंधुआ मजदूरी कराई गई। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि मुजफ्फरनगर के असीलपुर गांव के एक व्यक्ति ने उसे 70 हजार रुपये मासिक वेतन का लालच दिया। विदेश भेजने के लिए उससे करीब 1.60 लाख रुपये भी लिए गए। पीड़ित के अनुसार, मलेशिया पहुंचने के बाद उसे अलग-अलग कंपनियों में बिना वेतन के काम कराया गया। उसका पासपोर्ट भी छीन लिया गया था। परिवार के करीब दो महीने के प्रयासों के बाद वह 1 अगस्त को वॉट्सऐप पासपोर्ट के जरिए भारत लौट सका। पीड़ित ने बताया कि जनवरी 2026 में मुजफ्फरनगर के सिखेड़ा निवासी ईशा उसके घर आया था। ईशा ने अपनी ट्रैवल कंपनी होने का दावा करते हुए मलेशिया में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। 9 मार्च को युवक बेंगलुरु से ट्रेन से मुंबई पहुंचा, जहां उसे अकेला छोड़ दिया गया। इसके बाद उसे पहले थाईलैंड और फिर मलेशिया पहुंचाया गया। मलेशिया पहुंचने के बाद एजेंट ने उसका और अन्य मजदूरों के पासपोर्ट अपने कब्जे में ले लिए। बाद में खालिद नाम के एक व्यक्ति ने उसे नेपाल के तर्जिंदर का पासपोर्ट दिया, जिस पर आरोपी का फोटो लगा था। पीड़ित के मुताबिक, इसके बाद उसे अलग-अलग कंपनियों में काम कराया गया, लेकिन उसे मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। मुजफ्फरनगर और मेरठ के दानिश, समीम, रमजान, सलमान, सोनू समेत कई अन्य मजदूर भी इसी तरह फंसे हुए थे। कुछ मजदूरों को टूरिस्ट वीजा पर मलेशिया भेजकर तीन महीने के वर्क परमिट दिलाने का भरोसा दिया गया था, लेकिन बाद में उनकी कोई मदद नहीं की गई। पीड़ित युवक ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और अन्य मजदूरों को भी सुरक्षित वापस लाने की मांग की है।

ठगी के पीड़ित



## खराब मौसम बना आफत: दिल्ली जाने वाली चार उड़ानों की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ, , 4 सितम्बर (एजेंसी)।** खराब मौसम के कारण दिल्ली जाने वाली चार उड़ानों की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हालांकि मौसम ठीक होने पर एक एक करके रवाना कर दिया गया। खराब मौसम के चलते शुक्रवार को दिल्ली जाने वाली चार उड़ानों को राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। इनमें बेंगलुरु, लुधियाना, इंदौर और हैदराबाद से दिल्ली जा रही उड़ानें शामिल रहीं। मौसम सामान्य होने के बाद सभी उड़ानों को करीब आधे से एक घंटे के भीतर दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया। बेंगलुरु से दिल्ली जा रही अकासा एयर की उड़ान क्यूपी 1821 शाम 4:37 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरी। इसके बाद लुधियाना से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 484 शाम 4:50 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इंदौर से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 2516 शाम 4:58 बजे लखनऊ पहुंची। वहीं, हैदराबाद से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 2541 शाम 5:06 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरी।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**बदायूं, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** खेत पर घास काटने गई ग्राम पथरामई की 45 वर्षीय अनीता को सांप ने डस लिया। परिजन बृहस्पतिवार दोपहर 1 बजे से रात नौ बजे तक महिला को लेकर इधर-उधर झाड़-फूंक कराने के चक्कर में पड़े रहे। इससे महिला की हालत बिगड़ती गई। नौ घंटे तक इलाज न मिलने पर जब महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से उसके 11 बच्चे अनाथ हो गए। परिजनों व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्राम पथरामई निवासी शेर सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को पत्नी अनीता खेत में मोहल्ले की अन्य महिलाओं के साथ घास काटने गई थी। वहीं दोपहर करीब 12 बजे उसे सांप ने डस लिया। आनन-फानन में पहले उसे घर लेकर आए। ग्रामीणों ने ग्राम खेड़ा जलालपुर में किसी सपेरे के बारे में बताया। इस पर परिजन महिला को लेकर वहां गए और देर शाम तक झाड़-फूंक से इलाज कराते रहे। इस बीच अनीता की हालत ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद परिजन रात नौ बजे महिला को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# शाहपुर में लाखों की चोरी के मामले में पुलिस जांच तेज

**शाहपुर, 04 सितम्बर (बु.)।** गत दिवस नूर मस्जिद में मौलाना के कमरे का ताला तोड़कर हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए जांच तेज कर दी है। घटना के बाद से पुलिस के आला अधिकारी लगातार मामले की निगरानी कर रहे हैं और पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। शुक्रवार को थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह एवं कस्बा चौकी प्रभारी राहुल कुमार पुलिस फोर्स के साथ दोबारा घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस द्वारा चोरी की वारदात के खुलासे की जिम्मेदारी एसओजी टीम को भी सौंपी गई है। टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाते हुए जांच शुरू कर दी है। दोपहर बाद क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौका-मुआयना किया। उन्होंने पीड़ित मौलाना से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक बिंदुओं पर पूछताछ की। क्षेत्राधिकारी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को घटना के शीघ्र खुलासे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। आवश्यकता पड़ने पर डॉग स्क्वायड टीम की भी मदद ली जाएगी। पुलिस टीम द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके साथ ही संदिग्ध गतिविधियों और घटना से जुड़े संभावित लोगों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के खुलासे के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के जल्द खुलासे को लेकर स्थानीय लोगों में भी उम्मीद बनी हुई है। अब देखना होगा कि पुलिस की जांच और एसओजी टीम के प्रयास कब तक इस चोरी की वारदात से पर्दा उठाते हैं।



## डीजल के रुपये मांगे तो सेल्समैन को घसीटा, गाड़ी के शीशे में हाथ फंसाकर 5 किलोमीटर तक ले गया चालक

**हापुड़, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल भरने के बाद रुपये मांगने पर चालक ने सेल्समैन के साथ खौफनाक हरकत कर दी। चालक ने सेल्समैन का हाथ गाड़ी के शीशे में फंसा लिया और तेज रफ्तार में गाड़ी दौड़ाते हुए उसे करीब पांच किलोमीटर तक घसीटता ले गया। बाद में हापुड़ की ओर जाकर सेल्समैन को धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया। पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पेट्रोल पंप मैनेजर नीरज चौहान के अनुसार, दो सितंबर की रात करीब 10 बजे काले रंग की स्कार्पियो पेट्रोल पंप पर आई थी। चालक ने दो हजार रुपये का डीजल भरवाया। सेल्समैन पंकज ने रुपये मांगे तो चालक गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि उसने सेल्समैन का हाथ गाड़ी के शीशे में फंसा लिया और हापुड़ की ओर तेज गति से गाड़ी दौड़ा दी। सेल्समैन चीखता रहा, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। करीब पांच किलोमीटर बाद उसे धक्का देकर गिरा दिया गया। अन्य कर्मचारी सेल्समैन को वापस पेट्रोल पंप लेकर आए। मैनेजर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ मुनीष चंद्र ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# कूरियर ऑफिस में चोरी की बड़ी वारदात, शटर तोड़कर 70 हजार रुपये का सामान, नकदी और डीवीआर चोरी

**भोपा, 04 सितम्बर (बु.)।** थाना भोपा क्षेत्र के ग्राम भोपा में चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने बीते गुरुवार की रात सूर्यवंशम पैलेस के पास चल रहे वोल्मो फ्रेंचाइजी मीशो कूरियर ऑफिस में धावा बोल दिया और 70 हजार रुपए के सामान सहित एक प्रिंटर और डीवीआर चोरी कर ले गए। यही नहीं चोरों ने ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ मचाते हुए लैपटॉप और सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ डाले। सुबह ऑफिस पर पहुंचे कूरियर कंपनी के मालिक ने जब घटना को देखा, तो मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव कादीपुर निवासी पीड़ित विश्वेन्द्र कुमार पुत्र स्व. जगवीर सिंह ने भोपा मुजफ्फरनगर मार्ग पर पूर्व प्रधान ऋषिराज की दुकान में वोल्मो फ्रेंचाइजी (मीशो) कूरियर का काम करता है। बीते गुरुवार की रात को वह रोज की तरह ऑफिस बंद कर घर चला गया था। शुक्रवार सुबह पांच बजे जब वह ऑफिस पहुंचा, तो ऑफिस का शटर टूटा हुआ था, जब उसने अंदर जाकर देखा तो ऑफिस के पार्सल अस्त व्यस्त थे और चोर ऑफिस से एक थर्मल प्रिंटर, लगभग साठ हजार रुपये कीमत के पार्सल और ग्यारह हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं जाते-जाते चोरों ने लैपटॉप और सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए और सबूत मिटाने के लिए डीवीआर भी साथ ले गए। यह देखते ही पीड़ित के पैरों के तले जमीन खिसक गई, जिसके बाद पीड़ित ने इधर उधर काफी तलाश की, लेकिन सामान या चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका, जिसके बाद उसने मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी। सूचना पर भोपा पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस ने आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है।



## रेबीज से मौत : कुत्ते के काटने के तीन माह बाद छात्र की गई जान



**पीलीभीत, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** बीसलपुर क्षेत्र के गांव श्यामपुर निवासी बलराम सिंह के 14 वर्षीय पुत्र छात्र आदित्य सिंह की गुरुवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक, करीब तीन माह पहले आदित्य को छुट्टा कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद से उसका बरेली में उपचार चल रहा था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को आदित्य कोचिंग पढ़कर घर लौटा था। इसके बाद वह आराम करने के लिए लेट गया। रात करीब 12 बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर देख परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए बरेली ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही आदित्य ने दम तोड़ दिया। आदित्य तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

# सरधना में कूड़े के ढेर में दबा मिला लापता युवक का शव, हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा



**मेरठ, 4 सितम्बर (एजेंसी)।** सरधना में कूड़े के ढेर में दबा मिला लापता युवक का शव, हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा। अटेरना गांव निवासी पपिंद्र अचानक लापता हो गया था। शुक्रवार को उसका शव घर के पास ही कूड़े के ढेर में मिला। पुलिस ने आकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। सरधना स्थित अटेरना गांव से बुधवार से लापता चल रहे पपिंद्र (40) का शव शुक्रवार को घर से लगभग 50 मीटर दूर कूड़े के ढेर में दबा हुआ मिला। परिजनों और ग्रामीणों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या कर शव को कूड़े के ढेर में दबाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। आपको बता दें कि पपिंद्र पुत्र हरफूल बुधवार से लापता था। परिजनों ने बृहस्पतिवार देर रात थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार को जब उसका शव कूड़े के ढेर में मिला तो परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास करने पर ग्रामीण धरने पर बैठ गए। उन्होंने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी और जिलाधिकारी व एसएसपी को मौके पर बुलाने की मांग की। कई घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस द्वारा समझाने और कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर ग्रामीण शांत हुए। इसके बाद शाम करीब सवा पांच बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी देहात अभिजीत कुमार ने ग्रामीणों से जानकारी ली और मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

# भरभराकर गिरी दीवार, मलबे से बाल-बाल बचे दो परिवार

**भोपा, 04 सितम्बर (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ की परमधाम कालोनी में शुक्रवार सुबह बारिश के बाद पानी का तेज बहाव एक परिवार के लिए मुसीबत बन गया। खोले के किनारे बने मकान में पानी की धार से अचानक दीवार भरभराकर गिर गई। इसके साथ ही रसोई और शौचालय भी ढह गए। हादसे के समय मकान के कमरे में दो परिवार मौजूद थे। गनीमत रही कि मलबा कमरों तक नहीं पहुंचा और परिवार के सदस्य सुरक्षित बच गए। शुकतीर्थ की परमधाम कालोनी में दिनेश शर्मा के मकान में बिजनौर निवासी अमित और उसका भाई उपेंद्र अपने परिवारों के साथ किराये पर रहते हैं। अमित के साथ पत्नी अर्चना और डेढ़ वर्षीय बेटा दक्ष तथा उपेंद्र के साथ पत्नी पूजा और बेटा कृष्णा रहते हैं। सुबह बारिश के बाद खोले में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया। पानी की चपेट में आकर मकान की दीवार पहले कमजोर हुई और फिर भरभराकर गिर पड़ी। रसोई और शौचालय भी इसकी चपेट में आ गए। तेज आवाज सुनकर परिवार के लोग सहम गए। बाहर निकलकर देखा तो मकान का एक हिस्सा मलबे में तब्दील हो चुका था। पड़ोसी संदीप की दीवार में भी दरारें आ गईं। पूर्व प्रधान नीरज रॉयल शास्त्री ने ग्रामीणों की मदद से पानी के बहाव को रोकने के लिए मिट्टी से भरे कट्टे लगवाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता देने के साथ ही खोले के पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है।

